महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट बैंक के पीछे एक बार फिर एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर जान गंवा दिया है। वही तड़के सुबह ट्रेन से कटकर दो भागों में विभक्त लाश मिलने की खबर क्षेत्र में खलबली मचा दी जिसे लोगों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया। सुबह लोग दैनिक दिनचर्या के अनुसार डिग्री कालेज सामने बने स्टेट बैंक के पीछे बोईरदादर जाने वाले शार्टकट रास्ते का इस्तेमाल सामान्य गतिविधियों के साथ कर रहे थे। इस बीच उक्त स्थल से रोड से 20 मीटर की दूरी पर दो भागों में विभक्त लाश को आवागमन करने वाले लोगों ने देखा। ट्रैक पर क्षत-विक्षत लाश मिलने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। मामले की भनक पुलिस को लगने के बाद पुलिस घटनास्थल पर आ गई जहां शव की शिनाख्त के लिए लोग मौके पर मौजूद व अन्य लोगों से पूछताछ करने लगी। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 40 वर्ष के आसपास होने का कयास लगा रही है। मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई। चक्रधर नगर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत सबको अस्पताल में रखवाया है।

विक्षिप्त पिता ने डांटा, युवती ने खाई नींद की गोली

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जेवरी डीह निवासी 20 वर्षीय युवती ने अपने पिता फटकार से क्षुब्ध होकर नींद की गोली अधिक मात्रा में खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे परिजनों ने बड़े भंडार अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने पीड़िता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लता महंत पिता चौतराम महंत उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जेवरीडीह के पिता की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह अक्सर पीड़िता की मां और घर के अन्य लोगों से गाली गलौज लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं। बुधवार को सुबह करीब 9 बजे उसके पिता ने खाना बनाने में देर होने के कारण पीड़िता और उसकी मां के साथ गाली गलौज व मारपीट किया। जिस बात से परेशान होकर पीड़िता ने अपने पिता की ही नींद की गोली अत्यधिक मात्रा में सेवन करके आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे जिला अस्पचताल में भर्ती कराया गया है।

लोकसभा निर्वाचन के दौरान शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 231950 जारी

रायगढ़। जिला एवं निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा जिले के सभी नागरिकों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे कोई भी व्यक्ति जो कोई रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने एवं धमकाने के मामलों की जानकारी है तो शिकायत प्राप्त करने हेतु प्रकोष्ठ के टोल फ्री नंबर 07762-231950 पर सूचित कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2019 अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचन अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में कोई पारितोष देता है या लेता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है। उड़न दस्ते, रिश्वत देने वालों और लेने वालों दोनों के विरूद्ध मामले दर्ज करने के लिए और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए गठित किए गए है जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है।

हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई वन विभाग बना मूकदर्शक

होलिका दहन करने जंगल से लड़की कटाई जारी

रायगढ़। रंग होली में होलिका के मद्देनजर जंगलों से इमारती लकड़ियों की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई लगातार जारी है। लकड़ी माफिया इमारती पेड़ों पर आरियां चलाकर लकड़ियों से मोटी रकम कमा रहे हैं। तो दूसरी तरफ जंगलों को व्यापक स्तर में क्षति पहुंचा रहे है। लकड़ी तस्करों के हावी होने पर इसका जिसका खामियाजा लकड़ी जंगल व वन्य जीव, प्रकृति उठाना पड़ रहा है। इसकी भनक वन अमला को भी है। परंतु विभागीय जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ आंख मूंद कर बैठे हुए है।

सूचना के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार स्थल पर नहीं पहुंच पाते वही मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने से पूरे जिले भर में लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं। दशकों पुराने पेड़ों की कटाई कर लकड़ी

फाईल फोटो

तस्कर आरा मील व ईंट भट्ठों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं। आरा मशीन संचालक भी तस्करों से पूरा लाभ उठा रहे हैं। वो भी इन लकडियों को और महंगे दर पर बेचकर खजाना भर रहे हैं। वही इन तस्करों के कारण मैदानी हरियाली खत्म हो रही है, पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है। इसमें प्रशासन की कोई रोक-टोक नहीं होने के कारण अवैध कटाई करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जिसमे सबसे अधिक असर धमरजयगढ़, तमनार लैलूंगा, जामगांव, लामीदरहा, सहित दो दर्जन जंगलों में व्यापक असर है।

पर्यावरण संरक्षण में बड़ी बाधक है लकड़ी तस्कर

विभागीय निष्क्रियता के कारण प्रतिबंधित कहुआ वृक्ष, आम, रिया एवं इमारती लकडियों को बेधड़क काटे जा रहे हैं। इसमें सरकार को आर्थिक नुकसान तो हो रहा है, पर पर्यावरण संरक्षण में ये लोग बड़ी बाधा पहुंचा रहे हैं।

फिर भी राजस्व एवं वन विभाग दोनों का अमला ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहा है । इससे तस्करों के आगे विभाग नतमस्तक नजर आ रहा है।

वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मी चौथे दिन भी रहे नदारद

रायगढ़। पिछले तीन माह से वेतनमान नही मिलने पर अस्पताल सफाई कर्मियों ने मेकाहारा प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिये थे। जिसमें अस्पताल में मौजूद सफाई कर्मियों ने अपने आंदोलन को जारी रखते हुए चौथे दिन जारी रखा। वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने चौथे दिन भी अस्पताल में कामकाज नहीं किए। जिसमें अस्पताल में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। आलम यह रहा कि अस्पताल परिसर एवं संवेदनशील क्षेत्र आपरेशन थिएटर लेबर रूम लैब में सफाई नहीं होने से अवस्था चारों तरफ बना रहा। हालांकि वर्तमान में मेकाहारा अस्पताल में सफाई की जवाबदेही 27 संविदा कर्मियों के जिम्मे है। यह संख्या मेकाहारा के लिए नाकाफी है। देखा जाए तो है संविदा सफाई कर्मी तीन शिफ्ट में सफाई का कार्य करते है। जिसमें इनकी जिम्मेदारी 15 से अधिक वार्ड, आपरेशन थियेटर लैब, केजुएल्टी व अन्य स्थानों पर है। परंतु अस्पताल साफ सफाई में कार्यरत 42 सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है अस्पताल स्टाफ व मरीजों को गंदगी के बीच मजबूरी वश रहना पड़ रहा है। वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मियों की सुध सफाई व्यवस्था का जायजा प्रबंधन व कोई सार्थक प्रयास नही की गई है। इससे ठेका सफाई कर्मियों का गुस्सा सातवें आसमान पर है।

रंग पर्व बिना वेतन रहेगा बेरंग

चार माह से मेकाहारा में कार्यरत सफाई कामगारों को वेतन के लाले पड़ गए है । फंड के आभाव में कर्मचारियों की दैनिक जीवन अस्त व्यस्त हो गई है। आलम यह है कि अब कर्मचारियों ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मेकाहारा के कार्यरत 42 सफाई कामगारों को वेतन नही मिलने पर रंग पर्व होली बेरंग होने का आसार है जिसका प्रमुख कारण प्रबधंन ने अब तक कोई पहल नही की है।

प्रबंधन फंड नही होने से बिगड़ी व्यवस्था

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रबंधन के पास प्लेसमेंट कर्मचारियों को देने के लिए पर्याप्त फंड नही है वही विगत 4 -5 माह से राज्य स्वास्थ्य विभाग के पास वेतन अन्य फंड के लिए राशि उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रतिवेदन भेजना बताया जा रहा है।

पूर्व नपा उपाध्यक्ष गुलाब अग्रवाल की पत्नी श्रीमती पुष्पादेवी का निधन

सारंगढ़। सारंगढ़ नगर के वार्ड क्रमांक 8 फैंसी गली के निवासी तथा पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलाबलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पादेवी का कल शाम 7 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे किया गया। उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व स्वास्थगत कारणो से उनको रायगढ़ मे जिंदल अस्पताल में भर्ती किया गया था जहा उनका स्वास्थ लाभ चल रहा था।

सर्पदंश से महिला गंभीर

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र स्थित ग्राम उच्च भिट्ठी निवासी 45 वर्षीय महिला को मजदूरी करते समय रेल लाइन के बगल जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बसंती राठिया पति लक्ष्मण राठिया उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम उच्चभिट्ठी बुधवार को दोपहर के समय रेल लाइन में बिछने वाली गिट्टी उठाने का काम कर रही थी। इस दौरान गिट्टी में छिपकर बैठे जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। बाद में चीख-पुकार सुनकर उसके साथ काम करने वाले लोगों ने उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां पीड़िता की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

चेंबर का होली मिलन समारोह 20 मार्च बुधवार को

रायगढ़। महका महका सा फागुन है चहकी चहकी सी हर धुन है, कहीं काफिया कहीं ठुमरियां कहीं प्रीत की डोली आई, मस्ती की हमजोली आई रंग जमाती होली आई, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के सभी उद्योगपतियों, व्यापारी बंधुओं, पत्रकार बंधुओं, गणमान्य नागरिकों शासकीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों समस्त राजनैतिक दलों के सदस्यों लिए होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है द्व इस संबंध में जानकारी देते हुए चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल युवा चेंबर अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल ने बताया कि स्थानीय अग्रोहा भवन रायगढ़ में 20 मार्च दिन बुधवार सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें तिलक होली खेली जाएगी चेंबर सदैव से ही इस बात का संदेश देता आया है की होली के इस रंगारंग पर्व पर केवल सूखी होली ही खेलनी चाहिए और ऐसे रंग गुलाल का उपयोग नहीं करना चाहिए जिसमें हानिकारक केमिकल मिले हो जो त्वचा, आंखों और बालों को नुकसान पहुंचाते हो अतः चेंबर द्वारा अपने सम्मानित सदस्यों के लिए अबीर गुलाल के टीके के साथ सूखी होली खेली जाती है। इस कार्यक्रम के साथ हाई टी का आयोजन भी किया गया है। स्वल्पाहार के इस कार्यक्रम में चेंबर ने समस्त उद्योगपतियों व्यापारी बंधुओं चेंबर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों पत्रकार बंधुओं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जनप्रतिनिधियों, समस्त राजनैतिक दलों, शासकीय अधिकारियों एवं समाजसेवी संस्थाओं को सादर आमंत्रित किया है कि वे निर्धारित समय के अंदर अंदर होली मिलन के लिए अग्रोहा भवन पंहुच कर इस रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्केटिंग बोर्ड के सदस्यों कुंज सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विकलांगों के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकि रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धा शिखरों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480